# दिनांक 20.08.2025 को जिलाधिकारी, महोदय, प्रयागराज की अध्यक्षता में ''जल जीवन मिशन''की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज की अध्यक्षता में दिनांक 20.08..2025 को ''जल जीवन मिशन'' की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण उपस्थित हुये :–

**1–मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।**
**2–अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।**
**3–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**4–अधिशासी अभियन्ता(वि0 / यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**5–जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।**
**6–समस्त सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**7–प्रोजक्ट कोऑर्डिनेटर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।**
**10–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।**
**11–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)प्रयागराज।**
**13–टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की निम्नलिखित बिन्दुओ की समीक्षा की गयी:–

**1–<u>भूमि की उपलब्धता</u> :**

जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य हेतु जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 द्वारा अवगत कराया गया कि 20 स्थान पर स्थानीय अवरोध के कारण कब्जा नहीं मिल पा रहा है। जिसके सम्बन्ध में जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि जिन 20 स्थान पर भूमि के कब्जे में विवाद है मुख्य राजस्व अधिकारी के माध्यम से निराकरण कराये व अघोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराये।

**2–जल जीवन मिशन फेज–2 में कार्यरत मेसर्स एल0 एण्ड टी0 के कार्यों की समीक्षा–**

जनपद में फेज–2 के कार्य मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, चेन्नई द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें 664 नग पेयजल योजना का निर्माण किया जाना है।

- डी0जी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि अधिकांश योजनाओं के पूर्ण करने की अवधि लगभग समाप्त हो चुकी है। इस प्रकार कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें कि निर्धारित अवधि तक सभी योजनाएं न केवल पूर्ण कर ली जाए बल्कि सुचारू रूप से नियमित जलापूर्ति भी हो सके।
- डी0जी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति दर्शायी गयी है उसमें यह सुनिश्चित किया जाए की नियमित रूप से जलापूर्ति होती रहे और यदि कोई लीकेज व अन्य समस्या आती है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करें,यह भी सुनिश्चित करें जलापूर्ति बाधित न हो।
- डी0जी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि जहां किसी भी प्रकार की रोड कटिंग की जाए उसे तत्काल गुणवत्तापूर्ण पुर्नस्थापित किया जाए इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।
- डी0जी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें जिससे कि समयान्तर्गत योजनाएं पूर्ण कराई जा सके ।

**3–''<u>जल जीवन मिशन फेज–4 सतही स्रोत ग्राम समूह पेयजल योजना (यमुना तथा गंगा)</u>**

**(अ) <u>सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना</u>**–जनपद में फेज–4 के कार्य मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान को निर्देशित किया गया कि कम से कम 05 नग उच्च जलाशय अगस्त माह तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(ब) <u>सतही स्रोत (गंगा) ग्राम समूह पेयजल योजना</u>**–जनपद में फेज–4 के कार्य मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है। जसके अन्तर्गत जी0 एम0मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 को निर्देशित किया गया कि कम से कम 05 नग उच्च जलाशय अगस्त माह तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

- तीनों फर्मो को निर्देशित किया गया कि आवश्कता के अनुसार लेबरों की उपस्थिति सुनिश्चित करें जिससे योजनाओं के समयान्तर्गत पूर्ण करने में कोई बाधा ना हो।

**4–सड़क पुर्नस्थापना–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज अवगत कराया गया कि जनपद में सड़क पुर्नस्थापन का कार्य 98.00 % पूर्ण कराया जा चुका है। जिसमें मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 98.00 % मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान 99.00 % मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद 98.00 % द्वारा कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

- अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि आयुक्त महोदय द्वारा सत्यापित कराये गये ग्रामों में जो रोड रेस्टोरेशन कि कमियां पायी गयी उसे तत्काल टीम लगाकर गुणवत्तापूर्ण पुर्नस्थापित कराते हुए टी0 पी0 आई0 से पुनः सत्यापित कराना सुनिश्चित करें, यदि कोई कमियां पायी जाती है तो प्राथमिकी भी दर्ज करायी जाएगी व सम्बंधित कार्यदायी संस्था से वसूली भी करायी जायेगी।
- अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि टी0पी0आई0 द्वारा जो भी गुणवत्ता सम्बन्धी एन0सी0 दी जाती है उसकी समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा करायी जाए व पायी गयी कमियों का निराकरण कराते हुए समयबद्ध अनुपालन गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें, टी0पी0आई0 द्वारा कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।
- अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से ब्लॉक वार प्रत्येक योजनाओं के अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय अधिकारी को नोडल नामित करायें जो प्रत्येक सप्ताह में कम से कम एक योजना का निरीक्षण कर अपनी विस्तृत आख्या प्रस्तुत करें विशेष रूप से रोड रेस्टोरेशन की भी जाँच करें।
- अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक 15 दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी से जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक कराते रहे।
- अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन की जिन योजनाओं के विद्युत आपूर्ति प्रारंभ करने के लिए ट्रांसफार्मर हेतु निर्धारित धनराशि 06 माह या उससे अधिक समय से जमा किया गया है उन स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर विद्युत आपूर्ति प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।
- अधिशासी अभियंता विद्युत को यह भी निर्देशित किया गया कि धनराशि जमा किये गये योजनाओं में विधुत आपूर्ति सुचारू रूप से प्रारंभ करने का विवरण बनाकर प्रस्तुत करें।
- अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि जिन डिवीजनो के अधिशासी अभियंता विद्युत समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहे है उनका अधोहस्ताक्षरी की तरफ से स्पष्टीकरण लिया जाए।
- अधिशासी अभियंता सिचाई को निर्देशित किया गया कि मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 के 120 अनापत्ति प्रमाण पत्र जो लंबित है उसका एक सप्ताह में निस्तारण कर अवगत कराये।

**5–टी0पी0आई0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,प्रयागराज।**

जल जीवन मिशन के कार्यो के गुणवत्ता हेतु टी0पी0आई0 मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,प्रयागराज को नामित किया गया हैं। टी0एल0 टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं का लगातार अपनी टीम से व स्वयं भ्रमण करते रहे कहीं भी गुणवत्ता व रोड रेस्टोरेशन के अपूर्ण होने की सूचना न प्राप्त हो इसे प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

30.08.25

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी
प्रयागराज।

पृ0सं0 / / दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
2–अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
3–अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,प्रयागराज।
4–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
5–जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।
6–अधिशासी अभियन्ता(वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
7–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।
8–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV) प्रयागराज।
9–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।
10–टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।

जिलाधिकारी
प्रयागराज।